प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.08.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे

''मुख्य समाचार''

- देश व प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार– सभी आयु वर्ग के लोगों में देखा गया उत्साह।
- राज्यपाल ने प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति पाने के लिए राजभवन में किया हवन यज्ञ–पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में बढ़ रही प्राकृतिक आपदाओं पर जताई चिंता।
- प्रदेश में भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान कल से– संगठनात्मक मंडलों पर होगा तिरंगा यात्राओं का आयोजन।
- राज्य में भारी वर्षा का दौर जारी– पहली जून से अब तक सामान्य से 13 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज–15 अगस्त तक अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट।

रक्षा बंधन

भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज देश सहित प्रदेश भर में हर्षोल्लास से मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों क कलाईयों पर राखी बांधी और उनकी दीर्घायु की कामना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ दी हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी ––1.31''––

*प्रदेश भर में आज रक्षाबंधन की धूम रही और सभी आयु वर्ग के लोगों में रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह देखा गया है। बाज़ारों में खूब रौनक रही और लोगों ने राखियों व मिठाईयों की जमकर खरीददारी की। शिमला में भी बहनों ने अपने भाईयों की कलाईयों पर राखी बांधी और उनके लंबे व खुशहाल जीवन की कामना की।*

*मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को शिमला में ब्रह्मकुमारी बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के शिमला स्थित सरकारी आवास पर भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने उन्हें राखी बांधी। जयराम ठाकुर ने सभी बहनों के यशस्वी जीवन की कामना की। राज्य परिवहन निगम की बसों में आज महिलाओं को मुफत यात्रा की सुविधा दी गई। प्रादेशिक समाचारों के लिये समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश।*

राज्यपाल

रक्षाबंधन के अवसर पर आज शिमला स्थित राजभवन में प्रदेश में प्राकृतिक आपदा में अपनी जान गवांने वाले लोगों की आत्मा की शांति और इन आपदाओं से मुक्ति पाने के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा आयोजित इस हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में लोगों ने आहुति अर्पित की। राज्यपाल ने लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सावन पूर्णिमा के अवसर पर हवन यज्ञ का विशेष महत्व है और इसका उदेश्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रदेश के लोगों की रक्षा को लेकर परमात्मा से प्रार्थना करना है।

पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद एस.टी. हसन द्वारा हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं को लेकर की गई टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी वर्गों का सम्मान किया जाता है।

तिरंगा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में कल से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा। भाजपा द्वारा एक सौ 71 संगठनात्मक मंडलों

पर कल तिरंगा यात्राओं का आयोजन भी किया जाएगा। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता..............37''

***भाजपा प्रदेश भर में 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा 10 अगस्त को भाजपा संगठन आत्मक 171 मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन करेगी 12 व 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शहीदी स्मारकों पर स्वच्छता अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इसी तरह से 14 अगस्त को विभाजन भविष्य का समृद्धि दिवस का आयोजन किया जाएगा जबकि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी भाजपा पार्टी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक रूप से तिरंगा फहराया जाएगा इसी दिन वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे .... आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा***

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल उपमंडल के शुराचली क्षेत्र में ऐतिहासिक ज़िला स्तरीय राथल मेले में शिरकत की। उन्होंने कहा कि ये मेला सदियों से क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रतीक है और इसमें इलाके के चार प्रमुख देवता भाग लेते हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि मेले व त्यौहार प्रदेश की संस्कृति के प्रतीक हैं और संस्कृति को संजोए रखना हम सभी का दायित्व है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि इलाके में 4 करोड़ 25 लाख रुपये से बनने वाले चामसु पुल का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

मौसम

हिमाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटों में भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है और कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक इलाकों में आज दोपहर बाद भारी वर्षा हुई। मौसम विभाग ने 15 अगस्त तक राज्य के अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट

***प्रदेश में पहली जून से अब तक मॉनसून के दौरान सामान्य से 13 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई है। लाहौल स्पीति और कांगड़ा ज़िले को छोड़कर अन्य सभी ज़िलो में जमकर मेघ बरसे हैं और ऊना ज़िले में एक सौ 38 फीसदी ज्यादा वर्षा हुई है। प्रदेशभर में वर्षा से जुड़ी दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो सौ 19 हो गई है, जबकि 37 लोग अभी भी लापता हैं। इसके अलावा 3 सौ 62 सड़कें और 6 सौ 13 बिजली ट्रांसफार्मर भी बाधित हैं। पिछले 24 घंटों में बिलासपुर ज़िले के श्री नैना देवी में सर्वाधिक एक सौ 10 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई। अगले चार– पांच दिन भी मॉनसून के कड़े तेवर देखने को मिलेंगे क्योंकि मौसम विभाग ने 15 अगस्त तक राज्य में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।***

कानूनी सहायता

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पूर्व सैनिकों और सेवारत सैनिकों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से हमीरपुर में विधिक सहायता क्लिनिक खोला गया है। ज़िला व सत्र न्यायाधीश भुवनेश अवस्थी ने इसका शुभारम्भ किया। सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक मनोज कुमार ने बताया कि विधिक सहायता क्लिनिक के माध्यम से पूर्व सैनिकों और सेवारत सैनिकों को मदद मिलेगी और महंगे कानूनी खर्चों से भी राहत मिलेगी।

मणिमहेश

चंबा ज़िले में विश्वविख्यात मणिमहेश यात्रा 16 अगस्त से शुरू हो रही है। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि प्रशासन ने इस पवित्र धार्मिक यात्रा के लिए सभी प्रबंध पूरे कर लिए हैं। उन्होंने यात्रा के इच्छुक लोगों के लिए मौसम की पूर्व जानकारी हासिल करने के बाद ही यात्रा करने की अपील की है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- देश व प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार– सभी आयु वर्ग के लोगों में देखा गया उत्साह।
- राज्यपाल ने प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति पाने के लिए राजभवन में किया हवन यज्ञ–पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में बढ़ रही प्राकृतिक आपदाओं पर जताई चिंता।
- प्रदेश में भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान कल से– संगठनात्मक मंडलों पर होगा तिरंगा यात्राओं का आयोजन।

- राज्य में भारी वर्षा का दौर जारी– पहली जून से अब तक सामान्य से 13 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज–15 अगस्त तक अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट।